षष्ठम् विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन अवसर पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय का उद्बोधन

गुरूवार, 21 दिसंबर 2023

षष्ठम् विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन अवसर पर मैं सदन को अपनी ओर से धन्यवाद देता हूँ । यह सत्र 19 दिसंबर से 21 दिसंबर के मध्य आहूत रहा । इस सत्र में माननीय नव निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के अलावा माननीय राज्यपाल जी का अभिभाषण एवं नयी सरकार का प्रथम अनुपूरक बजट प्रस्तुत और पारित हुआ।

इस अवसर पर मै सर्वप्रथम सदन के नेता माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, माननीय नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत जी एवं द्वय उपमुख्यमंत्री माननीय श्री अरूण साव जी एवं माननीय श्री विजय शर्मा जी एवं सभापति तालिका के सदस्य सहित पक्ष प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने सदन के सुव्यवस्थित संचालन में मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।

मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन नामांकन में पक्ष-प्रतिपक्ष के मध्य जो समन्वय और सद्भाव दिखा, मैं समझता हूँ छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय वातावरण के भविष्य के लिए यह एक शुभ संकेत है। पक्ष-प्रतिपक्ष के आप माननीय सदस्यगणों ने अपने संसदीय व्यवहार एवं विचार से जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है उससे लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिली है।

आप माननीय सदस्यों से मैं यह विशेष तौर पर आग्रह करता हूँ कि इस ससंदीय सदन की मर्यादा और सम्मान आपके कार्य, विचार एवं व्यवहार पर ही निर्भर है । आशा करता हूँ आप सभी इन बातों को भली भांति समझते हैं और भविष्य में भी आपके कार्यों से संसदीय परंपरा को और अधिक मजबूती मिलेगी।

नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों को मैं अवगत कराना चाहता हूँ कि आप के संसदीय ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए जनवरी माह के लिए अंतिम सप्ताह में प्रबोधन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम की सूचना आपको तिथि निर्धारण के पश्चात् सूचित की जा सकेगी। नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ-साथ सभी माननीय सदस्यों से मेरा यह भी आग्रह है आप विधानसभा वेबसाईट का उपयोग विधानसभा से संबंधित जानकारी के लिए कर सकते हैं। साथ ही विधानसभा सचिवालय स्थित पुस्तकालय भी आपके अध्ययन के लिए उपलब्ध है आप जितना अधिक संसदीय विषयों का अध्ययन करेंगे उतना ही आपका ज्ञान संवर्धित होगा।

इस सत्र में माननीय राज्यपाल जी के अभिभाषण के कृतज्ञता प्रस्ताव पर चर्चा हुई जिसमें नये एवं पुराने सदस्यों ने सारगर्भित ढंग से अपनी बात रखी । इस सत्र में नयी सरकार का प्रथम अनुपूरक प्रस्तुत हुआ और उस पर चर्चा पश्चात् प्रस्ताव पारित हुआ। वित्तीय विषय की इस चर्चा में पक्ष प्रतिपक्ष के आप माननीय सदस्यों ने बहुत ही सुन्दर ढंग से आपके द्वारा विषय का प्रतिपादन किया गया। मुझे इस बात का हार्दिक संतोष है कि परमात्मा ने मुझे एक ऐसे विधायी सदन के अध्यक्ष पद पर आसीन होने का अवसर दिया जिस सदन का प्रत्येक सदस्य अपनी दलीय प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर संसदीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति वचनबद्ध है। मै आप सभी माननीय सदस्यों की संसदीय सुधी का अभिनंदन करता हूँ वैसे तो यह आप जानते हैं कि नयी विधानसभा गठन के बाद प्रथम सत्र औपचारिक सत्र होता है। बावजूद इसके हमारे लिए यह उपलब्धि है कि इस सत्र में राज्य की जनता के हित से जुड़े प्रत्येक विषयों पर आप सदस्यों नें सारगर्भित सम्यक चर्चा की और आशा करता हूँ कि आने वाले सत्रों में भी आप सभी छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए संकल्पित होकर राज्य के हित के लिए अपना योगदान देंगे और राज्य के सर्वोच्च प्रजातांत्रिक संस्था विधानसभा का सम्मान उत्तरोत्तर बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर मैं सम्माननीय पत्रकार साथियों तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने बड़ी गंभीरता से प्रचार माध्यमों में प्रमुखता से स्थान देकर प्रदेश की जनता को सभा में सम्पादित कार्यवाही से अवगत कराया।

इस सत्र के समापन अवसर पर मैं राज्य शासन के मुख्य सचिव सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूं। सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था इस सत्र के दौरान कायम रखी। मैं विधान सभा के सचिव सहित सचिवालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी प्रशंसा करता हूं, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण कुशलता एवं निष्ठा के साथ किया।

सत्र समापन के अवसर पर आगामी सत्र की तिथियों की घोषणा की परंपरा रही है । तद्नुसार आगामी सत्र फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में आहूत होने की संभावना है। आने वाले अंग्रेजी नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं देता हूँ और आपके एवं प्रदेशवासियों के सुखमय समृद्धशाली जीवन की कामना करता हूँ । आईये, हम सब मिलकर अपने छत्तीसगढ़ राज्य को समग्र उन्नति के शीर्ष पर पहुंचाने का पुनीत संकल्प लें।

जय हिन्द, जय छत्तीसगढ़

धन्यवाद !